मेट्रो रेलवे
कोलकाता

# 69 वां गणतंत्र दिवस
# 26 जनवरी, 2018
# महाप्रबंधक का संदेश



नमस्कार,

प्रिय रेलकर्मियों, उनके परिवारजन, मेट्रो रेलवे महिला कल्याण संगठन की सदस्याएँ, यूनियनकर्मी, हमारे सम्मानीय ग्राहक, प्रेस एवं मीडिया के सदस्य, देवियों, सज्जनों तथा प्यारे बच्चों, उनसठवें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मैं आप सबके प्रति हृदय से अपनी सदिच्छाएँ और शुभकामनाएँ व्यक्त करता हूँ।

आज के दिन हम अपने उन देशवासियों को न केवल याद करते हैं जिन्होंने आजादी पाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया बल्कि उनके पदचिन्हों पर निष्ठापूर्वक चलने की शपथ भी लेते हैं। आज ही के दिन भारत संविधान को अंगीकार करके एक गणतांत्रिक राष्ट्र बना।

मेट्रो रेलवे ने तैंतीस वर्षों से भी अधिक समय से सेवा करते हुए कोलकातावासियों के हृदय में एक विशिष्ट स्थान बना लिया है। यह अपने यात्रियों को **आधुनिकतम** सुविधाएं प्रदान करने और उनकी वाजिब उम्मीदों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसे उचित ही **'कोलकाता शहर की जीवनरेखा'** कहा जाता है।

इस अवसर पर मैं मेट्रो रेलवे की शानदार उपलब्धियाँ आपके साथ साझा करना चाहूँगा।

## निष्पादन के बिंदु

हमें गर्व है कि 25 सितंबर 2017 को केवल एक दिन में मेट्रो ने रिकॉर्ड 8.78 लाख यात्रियों का वहन किया, जो अब तक सबसे अधिक है।

अप्रैल से दिसम्बर 2017 तक 15.58 करोड़ यात्रियों ने मेट्रो सेवाओं का उपयोग किया जो पिछले वर्ष इसी अवधि के 14.78 करोड़ यात्रियों की तुलना में 5.41% अधिक है।

इसी प्रकार यात्री आय में भी वृद्धि हुई है। अप्रैल से दिसंबर-2017 के दौरान 146.33 करोड़ रुपये की आमदनी हुई जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 141.85 करोड़ रुपये से 3.16% अधिक है।

नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मेट्रो ने यात्रियों की सुविधा के लिए अपनी अंतिम गाड़ी सेवा का समय 21.50 से बढ़ाकर 00.30 बजे कर दिया था। क्रिसमस के दिन भी 28 अतिरिक्त गाड़ियाँ चलाई गईं। दुर्गापूजा के दौरान त्योहार का आनंद लेनेवालों के लिए मेट्रो ने इस बार 1390 गाड़ियाँ चलाईं जो पिछली साल के 1348 से 3.12 % अधिक है। इससे पूजा के दौरान यात्रियों की संख्या भी 30.33 लाख जा पहुँची, जो पिछले साल के 27.86 लाख से 8.86% अधिक है।

## यात्री सुविधाओं में वृद्धि

हमने मेट्रो स्टेशनों में यात्रियों की सुविधाओं में और बढ़ोतरी की है। 2017-18 में उपलब्ध कराई गई सभी 4 स्वचालित सीढ़ियाँ लगाई और चालू की जा चुकी हैं जिससे अब स्वचालित सीढ़ियों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। श्यामबाजार मेट्रो स्टेशन के दक्षिणी छोर में जमीन से मेजेनाइन फ्लोर तक समानांतर जाने-आनेवाली दोनों पुरानी स्वचालित सीढ़ियों को बदल दिया गया है। दमदम स्टेशन के अप प्लेटफॉर्म पर केवल एक लिफ्ट होने के कारण वहाँ बेतहाशा भीड़ हो जाती थी। वहाँ डाउन प्लेटफॉर्म में एक और लिफ्ट स्थापित किया गया है। इस लिफ्ट को लगाने के लिए ग्राउंड फ्लोर की छत और प्लेटफॉर्म स्लैब को काटना पड़ा जो बेहद चुनौतीपूर्ण था।

मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि चालू वर्ष के दौरान भूमिगत खंडों में मेट्रो यात्रियों को एयरटेल, बीएसएनएल (BSNL), जियो एवं वोडाफोन की मोबाइल कनेक्टीविटी उपलब्ध करा दी गई है। हमने अपने दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक यात्रियों के लिए गाड़ियों के एसी रेकों में 92 सीटें, नॉन-एसी रेकों में 84 सीटें तथा सभी प्लेटफॉर्मों पर सीटें चिह्नित की हैं। दृष्टिहीनों के लिए खुरदरे टाइल्स उपलब्ध कराए गए हैं।

दो एनजीईएफ (NGEF) पुराने रेकों को बेहतर यात्री सुविधाओं के साथ पुन: निर्मित करके यात्रियों के लिए चलाई जा रही हैं। जून 2018 तक सभी रेकों का पुनर्निर्माण कर लिया जाएगा।

## यात्री सुरक्षा

मेट्रो रेलवे को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने के क्रम में रेल सुरक्षाकर्मियों ने थूकने, गंदगी फैलाने, धूम्रपान करने, बदसलूकी करनेवाले 1283 लोगों को पकड़ा एवं उनसे 3,27,010/- रु. की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की।

रे.सु.ब. ने मोबाइल चोरी, पॉकेटमारी आदि जैसे 5 मामले पकड़े एवं 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया। उन्हें आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु पुलिस के हवाले कर दिया गया। रे.सु.ब. ने 18 बच्चों का उद्धार किया एवं उनके माता-पिता/स्थानीय पुलिस स्टेशन/एन जी ओ (NGO) को समुचित पावती के साथ सौंप दिया।

मेट्रो रेलवे में महिला यात्रियों के खिलाफ अपराध रोकना चुनौती भरा कार्य है। ऐसा एक मामला पकड़ में आया जिसमें अपराधी को गिरफ्तार करके समुचित कानूनी कार्रवाई की गई।

## प्रणाली सुधार

मेट्रो रेल ने नकदरहित लेन-देन को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय स्टैट बैंक के फ्रेंचाइजी से मेट्रो रेलवे में पीओएस मशीनें उपलब्ध कराई हुई हैं।

1 जनवरी, 2018 से बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली प्रारंभ कर दी गई है।

वार्षिक अनुरक्षण ठेका समाप्त होने के बाद 08.07.2017 से इन-हाउस अनुरक्षण एवं एएफसी व पीसी का कार्य यातायात, सिगनल एवं कार्य दूरसंचार तथा विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। इन-हाउस अनुरक्षण से छह माह की अवधि में यातायात विभाग द्वारा रेलवे के खर्चों में 1.27 करोड़ रुपये की बचत हुई है।

रवींद्र सदन स्टेशन (दमदम छोर) के नवीकृत बुकिंग काउंटर में वायरिंग, लाइटिंग और वेन्टिलेशन डक्ट बनाने का कार्य पूरा कर लिया गया है और उसका 28.11.2017 को उद्घाटन किया गया है।

## हरित ऊर्जा पहल

भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप मेट्रो रेलवे द्वारा टॉलीगंज, कवि सुभाष एवं नोआपाड़ा में 500 किलोवाट पावर क्षमता के 3 सौर संयंत्र लगाकर हरित (ग्रीन) उर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व पहल की गई है।

मेट्रो रेलवे स्वयं ही एक पर्यावरण-अनुकूल परिवहन माध्यम है। ऊर्जा-खपत में कमी के लिए हमने संवातन के क्षेत्र में पहल करते हुए वीवीवीएफ ड्राइव, कम ऊर्जा खपत करनेवाले पर्यावरण अनुकूल एसी संयंत्र और पंप और एलइडी रिट्रोफिटमेंट लगाए गए हैं। इससे गैर-कर्षण एवं समग्र ऊर्जा खपत में दिसंबर, 2016 की अवधि की तुलना में कमशः 8.63% एवं 1.89% तक की बचत हुई है। चांदनी चौक स्टेशन में डीसी पावर स्रोत वाले एलइडी ट्यूब बत्तियां लगाई गई हैं। महात्मा गांधी रोड, बेलगछिया, सेंट्रल, चांदनी चौक, मैदान, गीतांजलि, शहीद खुदीराम एवं कवि नजरूल स्टेशनों में 7539 एलइडी ट्यूब बत्तियां लगायी गई हैं।

बेलगछिया से दमदम के बीच वायाडक्टों में 68 एलइडी खंभे बत्तियाँ लगाई गई हैं।

तीन रेकों में ऊर्जा दक्ष एलइडी बत्तियां लगायी गईं हैं।

## कर्मचारी कल्याण

हमने कर्मचारी कल्याण को उच्च प्राथमिकता की है। इस दिशा में हमने निम्नलिखित कार्य किए हैं :

टॉलीगंज स्थित तपन सिन्हा स्मारक अस्पताल के आईपीडी ब्लॉक का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इंडोर वार्ड, ओटी कंप्लेक्स, मेडिकल स्टोर एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का प्रशासनिक कार्यालय आईपीडी ब्लॉक में स्थानांतरित किया जा चुका है। नवनिर्मित आईपीडी ब्लॉक का उद्घाटन शीघ्र किए जाने की आशा है।

अस्पताल में डायलीसिस-सह-नेफ्रोलॉजी तथा सीटी/एमआरआई सुविधा के साथ इमेंजिंग सेंटर की स्थापना करने की संभावना तलाशी जा रही है।

वार्षिक स्वास्थ्य जाँच कार्यक्रम के तहत मेट्रो रेलवे के कर्मचारियों की स्वास्थ्य जाँच की जा रही है। 09.01.2018 तक लगभग 1200 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

सेवा पंजीकाओं में आधार नंबर दर्ज कर लिए गए हैं।

13 दिसंबर, 17 से सिंगल विंडो प्रणाली प्रारंभ कर दी गई है।

01.01.2017 से 31.12.2017 तक सेवानिवृत्ति (एनआर) के 111 मामले एवं 34 (ओएनआर) निपटान मामलों को निष्पादित कर दिया गया है।

एक वृहत स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2017 तक 'स्वच्छता ही सेवा' विजन के साथ स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। 2 अक्टूबर को मैदान से एस्प्लानेड तक प्रभातफेरी निकाली गई।

अक्टूबर, 2018 में तीन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। पिछले 3 महीनों में 100 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं एवं सभी का समाधान कर दिया गया है।

## नई परियोजनाएं

मेट्रो रेलवे, आरवीएनएल (RVNL) एवं केएमआरसीएल (KMRCL) द्वारा निष्पादित की जा रही नई विस्तार परियोजनाएं राज्य सरकार के समन्वय से द्रुत गति से चल रही हैं। सभी हितधारकों के लाभार्थ पिछले कई वर्षों से लंबित पड़े विभिन्न समस्याओं को सौहार्दतापूर्वक निपटा लिया गया है। बचे हुए मुद्दों को शीघ्र ही सफलतापूर्वक निपटा लिया जाएगा।

## खेल-कूद क्रिया-कलाप

मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हमारे खिलाड़ियों ने इस वर्ष विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

- 12 से 26 अगस्त, 2017 में श्री सुमित मुखर्जी एवं देवव्रत मजूमदार ने लियोन, फ्रांस में आयोजित वर्ल्ड ब्रिज चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- यातायात विभाग की श्रीमती ऋचा शर्मा का नई दिल्ली में नेशनल इलिट (महिला) बॉक्सिंग कोचिंग कैंप के लिए चयन हुआ।
- यातायात विभाग के श्री संजीव सान्याल को **इंडियन रेलवे टीम के कोच** के रूप में नामित किया गया है।
- मुश्ताक अली ट्रॉफी एवं रणजी ट्रॉफी 2017-18 में श्री विवेक सिंह एवं अनुष्टुप मजूमदार ने **बंगाल टीम का प्रतिनिधित्व** किया।

## यूनियन क्रिया-कलाप

मेट्रो रेलवे में औद्योगिक संबंध में काफी सुधार हुआ है। पीएनएम (PNM) तथा पीआरईएम (PREM) बैठकें नियमित रूप से की जाती हैं और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में विचार-विमर्श होता है। हमारे मान्यताप्राप्त। यूनियन एवं एसोसियेशन को उनके मूल्यवान एवं सकारात्मक सहयोग के लिए मैं धन्यवाद देता हूँ।

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स क्रिया-कलाप

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों को मैं बधाई देना चाहता हूँ जिन्होंने वार्षिक स्वयंसेवी रक्तदान शिविर सहित वृक्षारोपण कार्यक्रम, ट्रेकिंग अभियान, पर्वतारोहण पाठ्यक्रम एवं स्वच्छता-जागरूकता जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है।

मैं मेट्रो रेलवे महिला कल्याण संगठन (एम आर डब्ल्यू डब्ल्यू ओ) (MRWWO) के सदस्यों को उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद देना चाहता हूँ जो हमारी उपलब्धियों के लिए शक्ति एवं प्रेरणा के स्रोत हैं। इस शुभ अवसर पर मैं एक बार पुन: सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को यात्रियों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने हेतु हरसंभव प्रयास करने का अनुरोध करता हूँ। मुझे विश्वास है कि सभी स्तरों पर सेवा के प्रति समर्पण एवं निष्ठा से तथा हमारे हितधारकों के समर्थन और हमारे मान्यता प्राप्त संघ एवं संगठनों के सहयोग से यह सम्मानित संगठन आनेवाले समय में भी प्रशंसा एवं प्रतिष्ठा प्राप्त करता रहेगा।

मैं एक बार पुन: आपको एवं आपके परिवार के सदस्यों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

जय हिंद।

**अजय विजयवर्गीय**
महाप्रबंधक, मेट्रो रेलवे,कोलकाता